कार्यालयः उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 / 2016 विज्ञप्ति / 581-585 / 2016-17 दिनांक 31 मार्च, 2017

डिप्लोमा इन एलीमेन्टरी एजूकेशन (डी0एल0एड0) प्रवेश परीक्षा-2016 सम्बन्धी सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) के विज्ञापन संख्या उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 / 335-340 / 2016-17 दिनांक 27 अक्टूबर, 2016 के द्वारा **द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेन्टरी एजूकेशन (D.EL.ED) प्रवेश परीक्षा 2016** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। समस्त आवेदित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेन्टरी एजूकेशन (D.EL.ED) प्रवेश परीक्षा 2016 के लिए निर्धारित 37 परीक्षा शहरों में बने 167 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 15 अप्रैल, 2017 को (प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक) आयोजित की जायेगी।** अभ्यर्थियों के ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर प्रवेश पत्र स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराये गये पत्र व्यवहार के पते पर प्रेषित किये जा रहे हैं। प्रवेश पत्र परिषद् की वेबसाईट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM** से भी नाम व जन्मतिथि (जैसा आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) अथवा आवेदन पत्र (ओ0एम0आर0) क्रमांक भरकर डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वे परीक्षा हेतु जारी शासनादेश एवं विवरणिका में अंकित अर्हताएं पूर्ण करते हैं या नहीं। **समस्त ऐसे आवेदित अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि यदि वे परीक्षा हेतु जारी शासनादेश एवं विवरणिका में अंकित न्यूनतम शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण ना करते हों तो वे परीक्षा में सम्मिलित न होवें अन्यथा परीक्षाफल रोक कर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं होगी।**

इस कार्यालय के पत्रांक उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 / 472-473 / 2016-17 दिनांक 01 मार्च, 2017 के द्वारा जारी विज्ञप्ति के क्रम में निरस्त आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में अन्तिम तिथि तक प्राप्त प्रत्यावेदनों पर विचार करते हुए अन्तिम रूप से निरस्त किये गये आवेदकों की सूची भी परिषद् की उक्त वेबसाईट पर जारी कर दी गई है।

भवदीय

31-3-2017

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।